पंजाब ने रोमांचक मुकाबला जीता

मोहाली, 31 मार्च. मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए आईपीएल 2026 के मुकाबले में पंजाब किंग्स ने रोमांच से भरपूर मैच में गुजरात टाइटंस को 3 विकेट से हराकर सीजन की सबसे यादगार जीतों में से एक दर्ज की. यह मुकाबला अंत तक अनिश्चित बना रहा, लेकिन डेब्यू कर रहे कोऑपर कॉनॉली की नाबाद 72 रनों की शानदार पारी ने अंततः पंजाब को जीत दिला दी.

पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस की शुरुआत संतुलित रही. कप्तान Shubman Gill ने एक बार फिर जिम्मेदारी भरी पारी खेलते हुए टीम को संभाला. उनके साथ Jos Buttler ने आक्रामक रुख अपनाया और शुरुआती ओवरों में तेजी से रन बटोरे. दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया और ऐसा लग रहा था कि गुजरात आसानी से 180 रन के पार पहुंच जाएगा. हालांकि, पंजाब के गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में शानदार वापसी की. स्पिनर Yuzvendra Chahal ने अपनी कलाई के जादू से बल्लेबाजों को परेशान किया और महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए. उन्होंने खासकर शुभमन गिल को आउट कर मैच का रुख बदल दिया. वहीं तेज गेंदबाज Vijaykumar Vyshak ने डेथ ओवरों में शानदार नियंत्रण दिखाया और रन गति पर अंकुश लगाया. गुजरात की टीम, जो एक समय बड़े स्कोर की ओर बढ़ती नजर आ रही थी, अचानक दबाव में आ गई. आखिरी पांच ओवरों में टीम अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना सकी और 20 ओवर में 162/6 पर सिमट गई. यह स्कोर प्रतिस्पर्धी जरूर था, लेकिन मोहाली की बल्लेबाजी अनुकूल पिच को देखते हुए थोड़ा कम माना जा रहा था.

स्कोर बोर्ड

गुजरात टाइटंस

बल्लेबाज	रन	गेंद	चौके	छक्के
साई सुदर्शन		13	11	2
शुभमन गिल (कप्तान)	39	27	6	
जोस बटलर	38	33	3	2
ग्लेन फिलिप्स	25	17	1	
वॉशिंगटन सुंदर	18	16	2	
शाहरुख खान	4	6	0	
राहुल तेवतिया*	11	10	1	
राशिद खान*	0	1	0	0
अतिरिक्त रन	14			
कुल	162/6 20 ओवर			

पंजाब किंग्स

प्रियांश आर्या	7	8	0	1
प्रभसिमरन सिंह	37	24	1	4
कूपर कोनोल्ली नाबाद	72	44	5	5
श्रेयस अय्यर	18	11	0	2
नेहाल वधेरा	3	6	0	0
शशांक सिंह	4	5	0	0
मार्कस स्टोइनिस	0	2	0	0
मार्को येन्सन	9	10	0	1
जेवियर बार्टलेट	11	5	0	1

कांग्रेस अध्यक्ष आपके द्वार की वार्ड कमेटी घोषित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 31 मार्च। कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस अध्यक्ष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज वार्ड 58 में वार्ड कमेटी की घोषणा की गई। इस अवसर पर अनिल शर्मा 'बिट्टू' को वार्ड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही पूरी वार्ड कमेटी का गठन करते हुए सभी पदाधिकारियों की विधिवत घोषणा की गई। कार्यक्रम में वार्ड के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उत्साह और जोश के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का असली बल उसका जमीनी संगठन है। जब वार्ड स्तर पर संगठन मजबूत होगा, तभी जनता की आवाज को मजबूती मिलेगी। हमारा लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि जनता के हर मुद्दे पर उनके साथ खड़े रहना है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का हर कार्यकर्ता संघर्ष के लिए तैयार है। संगठन सृजन अभियान के माध्यम से हम हर वार्ड, हर मोहल्ले और हर घर तक कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाएंगे। आज देश और प्रदेश में जनता महंगाई, बेरोजगारी और अव्यवस्था से त्रस्त है। कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र ऐसी ताकत है जो जनता के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ रही है। हमें मिलकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है ताकि आने वाले समय में जनता को एक सशक्त विकल्प दिया जा सके। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने एवं जनसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

निगमायुक्त ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 31 मार्च। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने शहर में विभिन्न स्थानों पर चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया तथा कन्वेंशन सेंटर का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार एंव अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही फूटी कॉलोनी सिरोल में बन रहे आवासों का निरीक्षण किया तथा विद्युत आदि का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही सचिन तेंदुलकर मार्ग के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया।

निगम आयुक्त संघ प्रिय ने निरीक्षण के दौरान कटारे फार्म हाउस गोला का मंदिर पर बन रहे कन्वेंशन सेंटर को देखा तथा संबंधित अधिकारियों कार्य शीघ्र पूर्ण करें करने के निर्देश दिए। कन्वेंशन सेंटर का कार्य अभी तक 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही सिरौल फूटी कॉलोनी पर बन रहे आवासों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि आवासों पर विद्युत सब स्टेशन का कार्य समय से प्रारंभ हो जाए तथा ठेकेदार को निर्देश दिए कि दो माह में कार्य पूर्ण करें नहीं तो जुर्माना लगाया जाएगा।

निगमायुक्त संघ प्रिय ने सचिन तेंदुलकर मार्ग में सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान देखा कि जिस जगह सीसी रोड बननी है, वहां पर सड़क से डामर एवं गिट्टी की परत को उखाडना प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही चाणक्यपुरी नाला एवं मुरार नदी में पानी की निकासी के लिए सडक किनारे पाइप को बिछाने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। सचिन तेंदुलकर मार्ग स्थित कुलसचिव निवास से लेकर सिरोल चौराहा तक 2460 मीटर लंबी सडक का स्मार्ट सिटी द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके लिए सडक के दोनों ओर पाइप लाइन बिछाई जा रही है। जिसमें 30-30 मीटर पर चेंबर बनाए जाएंगे, जिससे बारिश के दौरान आसानी से जल निकासी हो सके। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर खुली नाली की भी व्यवस्था की जाएगी। निगमायुक्त ने कार्य को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों को दिए।

9 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को दी भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,31मार्च। पुलिस विभाग में आज कर्तव्यनिष्ठा और सेवा के एक अध्याय का समापन हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में आयोजित एक समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे 9 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित कर विदाई दी। इस अवसर पर अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जयराज कुबेर, डीएसपी मुख्यालय रोबिन जैन, रक्षित निरीक्षक रणजीत सिंह, सूबेदार अनुपम भदौरिया व सोनम पाराशर सहित कार्यालयीन स्टाफ और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे।

सामाजिक कार्यों से जुड़े रहने की सलाह: एसएसपी ने सेवानिवृत्त हो रहे साथियों से उनके भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की और उन्हें स्वयं को सामाजिक गतिविधियों में व्यस्त रखने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि सक्रिय रहने से नौकरी की व्यस्त दिनचर्या के बाद आने वाले बदलाव को सकारात्मक रूप से स्वीकार करने में मदद मिलेगी।

इन अधिकारियों को दी गई विदाई: समारोह के अंत में सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। विदाई पाने वाले अधिकारियों में शामिल हैं- गजेंद्र सिंह भदौरिया,अमर सिंह रायकवार, ओमवीर सिंह यादव, राधेश्याम शर्मा, सत्यश्रवा शर्मा,सतेन्द्र सिंह,उत्तम सिंह राजौरिया, कपूर सिंह, विजय राव गायकवाड़।

अनुशासन और समर्पण को नमन

विदाई समारोह को संबोधित करते हुए एसएसपी ग्वालियर ने सेवानिवृत्त कर्मियों की लंबी सेवा यात्रा, उनकी ईमानदारी और विभाग के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से पुलिस परिवारों के त्याग को रेखांकित करते हुए कहा ? 'आप विभाग से सेवामुक्त हो रहे हैं, लेकिन आपका अनुभव और अनुशासन समाज के लिए हमेशा प्रेरणा बना रहेगा। इस कठिन सेवा के दौरान आपके परिवारों का सहयोग व समर्पण भी उतना ही वंदनीय है।

आंतरिक प्रेरणा से ही मिलती है दीर्घकालिक सफलता : आचार्य

जेयू में युवाओं के लिए दिशा, अनुशासन और मानसिक स्पष्टता पर हुआ कार्यक्रम

स्पष्ट लक्ष्य और मजबूत प्रेरणा से ही मिलती है सफलता : नवनीत पचौरी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,31मार्च। जीवाजी विश्वविद्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के मूल मंत्र सही लक्ष्य और सशक्त प्रेरणा का महत्व बताया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।मुख्य अतिथि नवनीत पचौरी ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक और तेजी से बदलते दौर में केवल मेहनत ही सफलता की गारंटी नहीं है, बल्कि स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण और आंतरिक प्रेरणा भी उतनी ही आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि बिना लक्ष्य के प्रयास दिशाहीन हो जाते हैं, जबकि प्रेरणा के अभाव में लक्ष्य अधूरे रह जाते हैं। प्रोफेसर एस. के. सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि लक्ष्य व्यक्ति को दिशा देता है और प्रेरणा उसे उस दिशा में लगातार आगे बढ़ने की ऊर्जा प्रदान करती है। यदि लक्ष्य स्पष्ट न हो तो व्यक्ति अपनी क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर पाता, वहीं प्रेरणा की कमी उसे बीच रास्ते में ही रोक देती है। कार्यक्रम में कुलगुरु ने मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रेरणा के दो प्रकार आंतरिक और बाह्य पर प्रकाश डाला।

वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान देना आवश्यक है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. राजीव मिश्रा, नेशनल टास्क फोर्स की नोडल अधिकारी डॉ. साधना श्रीवास्तव सहित कई प्राध्यापक एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे। मंच संचालन दीपक वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर राजेंद्र खाटीक, डॉ. सुनीशा कुलकर्णी, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव (सलाहकार, एनटीएफ मेंटल हेल्थ), डॉ. सुनीता चौहान, डॉ. उर्मिला यादव, डॉ. मोनिका तलरेजा, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. दीपक वर्मा, डॉ. रेणु पारस, डॉ. मोनिका मौर्य, भाव्यता कौल, सौम्या चौहान, नीलम खत्री, अविनाश गुर्जर, संकल्प परसेंडिया, बृजेश राणा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

राजस्थानी अग्रवाल महिला मंडल ने गणगौर महोत्सव मनाया

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,31मार्च। राजस्थानी अग्रवाल महिला मंडल ने एक निजी होटल में पारंपरिक एवं सांस्कृतिक माहौल के बीच गणगौर उत्सव बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया। कार्यक्रम में महिलाओं ने राजस्थानी संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए विविध गतिविधियों में भाग लिया। गणगौर राजस्थान का एक प्रमुख एवं श्रद्धा से जुड़ा त्योहार है, इस अवसर पर मिट्टी के ईसर-गणगौर (भगवान शिव-पार्वती) की प्रतिमाएं बनाकर उनकी पूजा-अर्चना की जाती है तथा अंत में उनका विसर्जन किया जाता है। महिलाएं सोलह श्रृंगार कर 'गुने का बायना' सास को अर्पित कर अपना व्रत पूर्ण करती हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम में कलश सजाओ प्रतियोगिता, घूमर नृत्य, हाऊजी एवं धनवर्षा जैसे आकर्षक आयोजन किए गए। सभी महिलाओं ने पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में सहभागिता कर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। साथ ही ईसर-गणगौर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना भी की गई।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वैश्य विकास परिषद् की अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल उपस्थित रहीं, जिन्होंने प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन हमारी समृद्ध परंपराओं को जीवित रखने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि गणगौर जैसे पर्व नारी शक्ति, समर्पण और परिवार के प्रति उनके प्रेम का प्रतीक हैं। साथ ही उन्होंने महिला मंडल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, उत्साह और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. मंजुला सिंघल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका अरुणा गोयल एवं पुष्पा सिंघल रहीं। अंत में सरोज अग्रवाल ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मंजुला सिंघल, सरोज अग्रवाल, विमला अग्रवाल, भावना गुप्ता, अनीता सिंघल सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं में ये बनी विजेता कलश सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शारदा अग्रवाल एवं द्वितीय स्थान रजनी गर्ग ने प्राप्त किया। गणगौर क्वीन में प्रथम मीनू गर्ग एवं द्वितीय सुमन सिंघल रहीं। दोहा प्रस्तुति में ममता गुप्ता ने सराहनीय प्रदर्शन किया।

सभापति ने किया निर्माणाधीन नवीन परिषद भवन का निरीक्षण



ग्वालियर 31 मार्च। सभापति मनोज सिंह तोमर ने जमुनाबाग नर्सरी में बन रहे नवीन परिषद भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सभापति मनोज सिंह तोमर ने निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली अधिकारियों ने बताया कि नवीन परिषद भवन का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। सभापति तोमर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवीन परिषद भवन में सीवर, पुट्टी, प्लंबिंग आदि कार्य साथ साथ तेजी से करायें जिससे समय पर कार्य पूर्ण हो सके। इसके साथ ही निर्माण कार्य समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश दिए।

नाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं **सीमा कुमारी** पत्नी श्री **राघवेन्द्र सिंह बघेल** निवासी- 80, साकेत नगर तानसेन रोड ग्वालियर (म.प्र.) यह कि प्रार्थिनी के पूर्व पासपोर्ट में नाम **सीमा कुमारी बघेल SEEMA KUMARI BAGHEL** अंकित है जबकि अब मैंने अपना नाम **सीमा कुमारी बघेल SEEMA KUMARI BAGHEL** के स्थान पर **सीमा कुमारी SEEMA KUMARI** रख लिया है। अतः अब मुझे भविष्य में **सीमा कुमारी SEEMA KUMARI** के नाम से ही जाना एवं पहचाना जायें।

प्रार्थिनी-
नाम सीमा कुमारी पत्नी श्री - राघवेन्द्र सिंह बघेल
निवासी- 80, साकेत नगर तानसेन रोड ग्वालियर, (म.प्र.)

जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं USHA DEVI (Existing DOB of mother as per NOK) is legally mother of No. 4288620Y Rank- HAV Name- ABHISHEK KUMAR presently residing at Vill- Berath, PO- Berath, PS - Chauri, Distt- Bhojpur, State- Bihar, Pin. No- 802203 **सूचित करती हूं कि- मेरे पुत्र आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा जन्मतिथि 10.12.1976 त्रुटिवश अंकित है। अतः मेरी सही जन्मतिथि 01.01.1971 को मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावें।** Vide e-Stamp No. IN-BR-2600030069 & Date- 06.01.2026, before Ara Bhojpur (Bihar)

नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं No. 15793794Y Rank- HAV (OPR) Name- Gobind Kumar Singh, Unit of 109 LT AD REGT (SP) R/o- Vill- Babhanpura, Kamauli, Domanpur, Post- Chiraigaon, Dist- Varanasi (U.P.) -221112 सूचित करता हूं कि- मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पिताजी का नाम SUSHIL KUMAR SINGH एवं D.O.B. 01/07/1959 त्रुटिवश अंकित है। अतः मेरे पिताजी का सही नाम SUSHEEL KUMAR SINGH एवं सही D.O.B. 01/11/1959 को मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावें। सत्यापित एफीडेविट नं. BX 602311 & Date- 24.03.2026 before District Court Gwalior

नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं Army No. 15799579K Rank- GNR Name- Ravi Kumar Singh Unit of 109 LtAD Regt (SP) Resident of Vill- Deloura Po- Murha, Teh- Raghuraj Nagar, Distt.- Satna, State -M.P. Pin-485441 **सूचित करता हूं कि- मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी का नाम RAMVATI SINGH एवं D.O.B. 26/04/1959 त्रुटिवश अंकित है। अतः मेरी माताजी का सही नाम RAMWATI SINGH एवं सही D.O.B. 01/01/1966 को मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावें। सत्यापित एफीडेविट नं.** BX 853988 & Date- 23.03.2026 before District Court Gwalior

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा नीलम सोनी पत्नी श्री महेश सोनी ने उक्त अचल संपत्ति भवन का भाग स्थित ग्राम मालनपुर जिला भिण्ड में है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 14 एंव सर्वे क्र. 641 का भाग 1327 वर्गफुट है। जो मेरी पक्षकारा की क्रयशुदा सम्पत्ति है। मेरी पक्षकारा की क्रयशुदा सम्पत्ति विक्रय पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है:-पूर्व में-मकान राजेन्द्र जैन, पश्चिम में - मकान लक्की, उत्तर में-रोड, दक्षिण में- मकान विकास सिंह जिसका कुल क्षेत्रफल 1327 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के विक्रेता अजय कुमार जैन एंव अनिल कुमार जैन पुत्रगण श्री कैलाशचन्द्र जैन की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. 3166 ग्रन्थ नं. 3842 तारीखी 10.10.2002 में भीकमसिंह, रामस्नेही, राजेन्द्रसिंह पुत्रगण मानपाल के द्वारा सम्पादित किया। लेकिन मेरी पक्षकारा के विक्रेता अनिल कुमार जैन पुत्र कैलाशचन्द्र जैन उक्त अचल सम्पत्ति भवन का भाग कुल क्षेत्रफल 1327 वर्गफुट मेरी पक्षकारा नीलम सोनी पत्नी श्री महेश सोनी को विक्रित कियेजाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई विक्रेता परिवार सदस्य अजय कुमार जैन पुत्र श्री कैलाशचन्द्र जैन को कोई उज्र व आपत्ति हो और उक्त अचल सम्पत्ति भवन का भाग पीरामल फायनेंश लिमिटेड बंधक की जाकर इसके आलावा किसी अन्य व्यक्ति को भी कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 07 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा नीलम सोनी पत्नि श्री महेश सोनी अचल संपत्ति भवन का भाग कुल क्षेत्रुफल 1327 वर्गफुट पर हाउसिंग लोन की सुविधा पी. एन. बी. एच. एफ. एल. ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो।

दिनांक 30.03.2026
स्थान ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती ममता अटारिया पत्नी श्री राजू अटारिया उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 29 स्थित ग्राम गिरवाई जिला ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क्र. 1303/2/1/2 का भाग 763.25 वर्गफुट है। जिसका पटवारी हल्का नं. 26 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता के सहभूस्वामी श्रीमती लीलाबाई पत्नी स्व. श्री गिरधारीलाल, कैलाश, लालसिंह पुत्रगण स्व. श्री गिरधारीलाल, कान्ता पुत्री स्व. श्री गिरधारीलाल की काश्त की कृषि भूमि खसरे में संयुक्त भूमि राजस्व अभिलेख में भूमि स्वामी की हैसियत से दर्ज होकर चली आ रही। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है:- पूर्व में - प्लॉट क्र. 30, पश्चिम में-रोड, उत्तर में-प्लॉट क्र. 28 दक्षिण में-रोड जिसका कुल क्षेत्रफल 763.25 वर्गफुट है। मेरी पक्षकारा के विक्रेता देवीलाल सिंह कुशवाह पुत्र स्व. श्री गिरधारीलाल के द्वारा उक्त अचल संपत्ति प्लॉट मेरी पक्षकारा श्रीमती ममता अटारिया पत्नि श्री राजू अटारिया को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या विक्रेता के सहभूस्वामी श्रीमती लीलाबाई पत्नी स्व. श्री गिरधारीलाल, कैलाश, लालसिंह पुत्रगण स्व. श्री गिरधारीलाल, कान्ता पुत्री स्व. श्री गिरधारीलाल को कोई उज्ज व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 15 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्ज व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती ममता अटारिया पत्नि श्री राजू अटारिया अचल संपत्ति प्लॉट कुल क्षेत्रफल 763.25 वर्गफुट को कय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा जैना स्मॉल फायनेंस बैक लिमिटेड ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो।

दिनांक- 31.03.2026
स्थान -ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीरा प्रजापति पत्नी पातीराम प्रजापति के स्वामित्व का एक भवन जो सर्वे क्र. 171/1 पर निर्मित हैं, जिसका म्यु. क्र. 11/909 बाद 1831, सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1004353990 तथा जिसका क्षेत्रफल 934 वर्गफुट है, स्थित चार शहर का नाका, ग्राम गोसपुरा, तहसील व जिला - ग्वालियर में है। जिसकी चतुरसीमा निम्न प्रकार है : पूर्व में - रास्ता आम, पश्चिम में - शेष सम्पत्ति विक्रेता, उत्तर में - शेष सम्पत्ति विक्रेता, दक्षिण में - रोड़, श्रीमती मीरा प्रजापति ने उक्त सम्पत्ति को जरिये वि. प. प. दि. 24/01/2022 के द्वारा गोपाल दास अग्रवाल पुत्र स्व. राम चरण लाल अग्रवाल एवं श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी गोपाल दास अग्रवाल से क्रय किया है। गोपाल दास अग्रवाल एवं श्रीमती उर्मिला देवी को उक्त सम्पत्ति, गोपाल दास अग्रवाल के पिता राम चरण लाल अग्रवाल की मृत्यु के पश्चात् उत्तराधिकार में प्राप्त हुई थी। पूर्व में गोपाल दास अग्रवाल ने उक्त सम्पत्ति को जरिये वि. प. प. दि. 13/10/1958 के द्वारा नारायण पुत्र बिहारी से क्रय किया था। उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु श्रीमती मीरा प्रजापति ने वित्तीय संस्था में आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः कोई व्यक्ति,संस्था, निगम, निकाय, बैंक, प्रायवेट फाइनेंसर, उपरोक्त सम्पत्ति में अपना हक, अधिकार, ऋणभार, जमानत सम्बन्धि भार, अनुबंध रखता हो या स्व. राम चरण लाल अग्रवाल के गोपाल दास अग्रवाल एवं श्रीमती उर्मिला देवी के अलावा अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी हो या किसी व्यक्ति को उपरोक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन दिनांक से 5 दिवस में मय दस्तावेजों के हमारे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, 5 दिवस पश्चात् श्रीमती मीरा प्रजापति का आवेदन वित्तीय संस्था के नियमों के अनुसार सही पाया जाता है तो वित्तीय संस्था उपरोक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर श्रीमती मीरा प्रजापति को ऋण प्रदान कर देगी। उसके पश्चात् प्रस्तुत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी तथा वित्तीय संस्था द्वारा दिये गये ऋण का भार उपरोक्त सम्पत्ति पर सर्वप्रथम व एक मात्र होगा

प्रेषक: कौशल पाराशर एवं सुमित तिवारी (एडवोकेट्स)
कार्या. स्व. श्री ओ.पी. शर्मा, एडवोकेट, जस्टिस हरगोविन्द मिश्रा कॉलोनी, महादजी पार्क, लश्कर, ग्वालियर, मो. 9893114325

सम्बन्ध विच्छेद आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दिनेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. श्री कालीचरण श्रीवास्तव एवं श्रीमती गीता श्रीवास्तव पत्नी श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव, निवासीगण-8ए/64, गणेश नगर, लॉयर्स कॉलोनी, दयाल बाग, आगरा (उ.प्र.) के निवासी होकर उपरोक्त पते पर निवास करते है। मेरे पक्षकार का पुत्र अतुल श्रीवास्तव पुत्र श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव निवासी-कुंज विहार कॉलोनी, फेस-2, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर ग्वालियर (म.प्र.) पिछले लम्बे समय से असमाजिक तत्वों के सम्पर्क में है और उसका व्यवहार एवं चाल चलन निरंतर खराब रहने लगा था। जिस कारण परेशान होकर मेरे पक्षकारगण के द्वारा अपने पुत्र अतुल श्रीवास्तव को पिछले करीब 01 वर्ष पूर्व से ही सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिये है। अतुल श्रीवास्तव पूर्ण रूप से बालिग होकर अपना भला बुरा सोचने समझने में सक्षम है। मेरे पक्षकार के पुत्र अतुल श्रीवास्तव का व्यवहार मेरे पक्षकार एवं उसके अन्य परिजनों के प्रति विरोधाभासी होकर मनमाना है। अतुल असमाजिक लोगों की संगत में रहता है तथा उसके साथ ही बैठता उठता है और उन लोगों से पैसों का उधार लेन-देन करता है। जिस कारण कई असमाजिक तत्वों के लोग मेरे पक्षकार के घर पर आकर पैसों की मांग करते है और न देने पर लड़ाई झगड़ा कर गाली गलौज करते है जिससे मेरे पक्षकार की सामाजिक छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ता है व समाज एवं आसपास के लोगों में उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। मेरे पक्षकारगण एवं उसके परिजन अतुल के उक्त कृत्यों से अत्यंत परेशान व प्रताड़ित हो चुके। जिस कारण उनके द्वारा अतुल से अपने समस्त संबंध समाप्त कर लिये है। मेरे पक्षकार व उसके परिवार के किसी भी व्यक्ति का अतुल श्रीवास्तव से कोई संबंध नहीं है। न ही मेरे पक्षकार की सम्पत्ति चल व अचल सम्पत्ति में अतुल श्रीवास्तव किसी भी प्रकार का कोई अधिकार नहीं है। यदि कोई व्यक्ति, फर्म, निकाय, अतुल श्रीवास्तव से लेनदेन व संव्यवहार करता है तो ऐसा व्यक्ति फर्म संस्था निकाय स्वयं उत्तरदायी होगा। मेरे पक्षकारगण व उसके परिजनों का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। मेरे पक्षकारण ने अपने पुत्र अतुल श्रीवास्तव के कृत्यों से शारीरिक व मानसिक रूप से त्रस्त व परेशान होकर संबंध समाप्त कर लिये है और इसी कारण मेरे पक्षकारगण द्वारा अपने पुत्र अतुल श्रीवास्तव को परिवार से बेदखल करते हुये संबंध चल अचल सम्पत्ति एवं समस्त व्यवहारिक एवं परिवार से संबंध विच्छेद कर देने बावत् उक्त आम सूचना स्वेच्छा से पूरे होशों हवाश में अभिभाषक के माध्यम से जारी कर प्रकाशित की जा रही है। आज के बाद मेरे पक्षकार व उनके परिजन का अतुल श्रीवास्तव से कोई संबंध व सरोकार नहीं है। यदि इसके उपरांत भी कोई व्यक्ति, फर्म, निकाय, अतुल श्रीवास्तव से लेनदेन व संव्यवहार करता है तो ऐसा व्यक्ति फर्म संस्था निकाय स्वयं उत्तरदायी होगा। मेरे पक्षकारगण व उसके परिजनों का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। समस्त आम एवं खास को सूचित हो। दिनांक 31.03.2026

प्रार्थीगण :
1. दिनेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. श्री कालीचरण श्रीवास्तव
2. श्रीमती गीता श्रीवास्तव पत्नी श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव,
निवासीगण- 8ए/ 64, गणेश नगर, लॉयर्स कॉलोनी, दयाल बाग, आगरा (उ.प्र.)

द्वारा अभिभाषक : दिनेश सिंह राठौर
एडवोकेट, म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ, ग्वालियर
कार्यालय : गदईपुरा, बिरला नगर, ग्वालियर (म.प्र.)

CHANGE OF NAME & DOB

I, Army Service No. 15781498F Rank- HAV (DS) Name- RATHOD MUKESH KUMAR DALA BHAI Residing at Village- Varthu, Post-Varthu, Tehsil- Modasa, District-Sabarkantha, State- Gujrat, Pin-383317 have changed my Mother's name from **MADU** to **RATHOD MANCHIBEN DALABHAI** & Date of Birth from **01/07/1956** to **01/06/1967** due to mismatch in my Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 602396 Dated 26/03/2026 before High Court, Gwalior M.P.

CHANGE OF NAME

I, Army Service No. 15781498F Rank- HAV (DS) Name- RATHOD MUKESH KUMAR DALA BHAI Residing at Village-Varthu, Post-Varthu, Tehsil- Modasa, District-Sabarkantha, State- Gujrat, Pin- 383317 have changed my Daughter's name from **ZEEL** to **ZEEL MUKESHKUMAR RATHOD** due to mismatch in my Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 602397 Dated 26/03/2026 before High Court, Gwalior M.P.

CHANGE OF NAME

I, **HARGOVANBHAI UDAJI PRAJAPATI Father of Army Service No. 15807356K Rank- L/NK Name- KUMBHAR VISHNUKUMAR HARGOVANBHAI** Residing at Village- Dhrandav, Post- Kubala, Tehsil- Deodar, District- Banashkhantha, State- Gujrat, Pin- 385330 have changed my name from **KUMBHAR HARGOVANBHAI** to **HARGOVANBHAI UDAJI PRAJAPATI** due to mismatch in my Son's Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 982188 Dated 21/02/2026 before High Court, Gwalior M.P.

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान संजय पुत्र श्री लाल सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की एक अचल संपत्ति जिसका वार्ड क्र. 05 (तत्याटोपे वार्ड), विस्मिल नगर, ग्राम जौरी एवं तहसील मुरैना नगर व जिला मुरैना के सर्वे क्र. 248 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- रास्ता 20 फुट चौड़ा, पश्चिम में- प्लाट गीता राठौर, उत्तर में- प्लॉट विक्रेता, दक्षिण में- प्लॉट विक्रेता व कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान रघुवीर दयाल, ऋणिकेश पुत्रगण श्री रामचरन लाल के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज है। तत्पश्चात, केवल श्रीमान ऋषिकेश उर्फ ऋणिकेश शर्मा पुत्र श्री रामचरन द्वारा श्रीमती बिट्टी बाई राठौर पत्नी श्री मोहर सिंह राठौर तथा श्रीमती अंजू राठौर पत्नी श्री मोनू राठौर को ई- रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख दस्तावेज क्र. MP25792021A1375974 व दिनांक 18.05.2021 से विक्रय की गई। तदुपरांत श्रीमती बिट्टी बाई राठौर पत्नी श्री मोहर सिंह राठौर तथा श्रीमती अंजू राठौर पत्नी श्री मोनू राठौर द्वारा श्रीमान संजय पुत्र श्री लाल सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख दस्तावेज क्र. MP27IGR17912025A100375123 व दिनांक 27.05.2025 से विक्रय की गई। अतः उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होंगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक- 31.03.2026

प्रेषक- विशाल अग्रवाल (अधिवक्ता)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट"
ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीना पत्नी श्री राधेश्याम की एक अचल संपत्ति जिसका वार्ड नंबर 62 (शास्त्री वार्ड), ग्राम मुरैना गाँव एवं तहसील मुरैना नगर व जिला मुरैना (म.प्र.) के सर्वे क्र. 576 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- प्लॉट मीना, पश्चिम में- भूमि स्वामी, उत्तर में- रास्ता 20 फुट चौड़ा, दक्षिण में- खेत दीगर व कुल क्षेत्रफल 525 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान परमानन्द, द्वारिका, वीरेंद्र पुत्रगण श्री गिरजा शंकर व अन्य के स्वत्व, स्वामित्व व संयुक्त आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों मे विधिवत दर्ज है। तत्पश्चात, उक्त संपत्ति के अंश भाग में से केवल श्रीमान श्रीमान द्वारिका पुत्र श्री गिरजा शंकर द्वारा श्रीमान श्रीमती मीना पत्नी श्री राधेश्याम को ई-रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख दस्तावेज क्र. MP27IGR17912025A100615430 व दिनांक 16.07.2025 से विक्रय की गई। अतः उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 31.03.2026

प्रेषक- विशाल अग्रवाल (अधिवक्ता)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट"
ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रामा नागौरिया पत्नी श्री कालीचरन ने एक अचल संपत्ति जिसका प्लॉट नं. B-20, वार्ड नं. 03, बुद्ध विहार कॉलोनी उत्तमपुरा, ग्राम बडोखर तहसील मुरैना नगर एवं जिला मुरैना मध्यप्रदेश के सर्वे क्र. 27 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- प्लॉट नंबर B-21, पश्चिम में- प्लॉट नंबर 19 और 20 का भाग, उत्तर में- प्लॉट A-23, दक्षिण में- रास्ता 20 फुट व कुल क्षेत्रफल 675 वर्गफुट है को क्रय करने का लिखतम विक्रय अनुबंध-पत्र संपत्ति मालिक श्रीमान रामसेवक शर्मा पुत्र स्व. श्री राधाचरण शर्मा के साथ संपादित किया है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान रामलाल, सीताराम पुत्रगण श्री मंगल सिंह, श्रीमान श्रीकृष्ण, अशोक कुमार, रामसेवक व गिर्राज पुत्रगण स्व. श्री राधाचरण, रामकली, पुष्पा पुत्रियां श्री स्व. श्री राधाचरण के स्वत्व, स्वामित्व व संयुक्त आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों मे विधिवत दर्ज हैं। तदानुसार उक्त संपत्ति के अंश भाग में से केवल श्रीमान रामसेवक शर्मा पुत्र स्व. श्री राधाचरण शर्मा द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख शीघ्र ही क्रेता के पक्ष में संपादित किया जाने वाला है। अतः उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होंगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो।
इति दिनांक 31.03.2026

प्रेषक- विशाल अग्रवाल (अधिवक्ता)
कार्यालय -'मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट'
ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेनू पत्नी श्री सूरज सिंह ने एक अचल संपत्ति जिसका प्लॉट नं. 162, वार्ड नं. 05, ग्राम जैतपुर, नूराबाद तहसील बामौर एवं जिला मुरैना मध्यप्रदेश के सर्वे क्र. 73, 74, 89 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- प्लॉट नंबर 155, पश्चिम में- रास्ता 20 फुट चौड़ा, उत्तर में- प्लॉट नंबर 163, दक्षिण में- प्लॉट नंबर 161 व कुल क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है को क्रय करने का लिखतम विक्रय अनुबंध-पत्र संपत्ति मालिक श्रीमान प्रमोद सिंह भदौरिया पुत्र श्री कमल सिंह भदौरिया, श्रीमान चंद्रशेखर गर्ग पुत्र श्री रामजी लाल गर्ग, श्रीमान कोमल गुर्जर पुत्र श्री रामवीर सिंह गुर्जर, श्रीमान आकाश गुर्जर पुत्र श्री विजेंद्र सिंह गुर्जर, श्रीमान विवेक सिंह यादव पुत्र श्री कंचन सिंह यादव एवं श्रीमान अजय कुमार पुत्र श्री सरनाम सिंह के साथ संपादित किया है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान केदार सिंह पुत्र श्री बदन सिंह, अंगद सिंह पुत्र श्री आर.आर. बघेल तथा सौम्या ग्रोवर पुत्री श्री वीरेंद्र कुमार ग्रोवर के स्वत्व, स्वामित्व व संयुक्त आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों मे विधिवत दर्ज है। तत्पश्चात केवल श्रीमान अंगद सिंह पुत्र श्री आर.आर. बघेल तथा सौम्या ग्रोवर पुत्री श्री वीरेंद्र कुमार ग्रोवर द्वारा श्रीमान प्रमोद सिंह भदौरिया पुत्र श्री कमल सिंह भदौरिया, चंद्रशेखर गर्ग पुत्र श्री रामजी लाल गर्ग, कोमल गुर्जर पुत्र श्री रामवीर सिंह गुर्जर, आकाश गुर्जर पुत्र श्री विजेंद्र सिंह गुर्जर, विवेक सिंह यादव पुत्र श्री कंचन सिंह यादव एवम अजय कुमार पुत्र श्री सरनाम सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख दस्तावेज क्र. MP25792023A11938254 व दिनांक 05-06-2023 से विक्रय की गई। तदानुसार उक्त संपत्ति के अंश भाग में से केवल श्रीमान प्रमोद सिंह भदौरिया पुत्र श्री कमल सिंह भदौरिया, चंद्रशेखर गर्ग पुत्र श्री रामजी लाल गर्ग, कोमल गुर्जर पुत्र श्री रामवीर सिंह गुर्जर, आकाश गुर्जर पुत्र श्री विजेंद्र सिंह गुर्जर, विवेक सिंह यादव पुत्र श्री कंचन सिंह यादव एवम अजय कुमार पुत्र श्री सरनाम सिंह द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख शीघ्र ही क्रेता के पक्ष में संपादित किया जाने वाला है अतः उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होंगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 31.03.2026

प्रेषक- विशाल अग्रवाल (अधिवक्ता)
कार्यालय -'मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट'
ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987